वर्ष - 01 | अंक - 39 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

# भीलवाड़ा फोकस



## हरियाली अमावस्या पर मेनाल में सैलानियों की भीड़, झरने और शिव मंदिर ने खींचा ध्यान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ( रमेश गुर्जर )** । हरियाली अमावस्या के अवसर पर प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध मेनाल में सैलानियों का जबरदस्त सैलाब उमड़ा। 150 फीट ऊंचाई से गिरते झरने का नज़ारा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। राजस्थान सहित देश-विदेश से आए पर्यटकों की भीड़ के चलते नेशनल हाईवे 27 पर यातायात भी प्रभावित हुआ। प्रशासन ने 3 किलोमीटर के दायरे में पार्किंग और सुरक्षा के लिए पुलिस बल, गोताखोर और रेस्क्यू टीम तैनात की। इस दौरान 12वीं शताब्दी के प्राचीन मेनालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया। पर्यटकों ने महादेव के दर्शन के साथ झरने में स्नान का आनंद लिया। मंदिर और झरना परिसर का मनोरम दृश्य कैमरों में कैद होता रहा, जहां आस्था और प्रकृति एक साथ नजर आई।

## धनखड़ के इस्तीफे पर कांग्रेस का हमला: 'यह बीमारी नहीं, बीजेपी की तानाशाही का दबाव है'

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/टोंक**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस ने सीधे-सीधे केंद्र की बीजेपी सरकार को घेरा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि ÷एक किसान परिवार से आने वाले व्यक्ति को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा, यह अपने आप में बड़ा सवाल है। ऐसा कोई संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति अचानक बीमारी के नाम पर इस्तीफा नहीं देता। असली कारण सामने आना बाकी है। टोंक दौरे के दौरान पायलट ने कहा



कि सरकार ने पर्दे के पीछे जो दबाव बनाया, वह जनता के सामने आएगा। उन्होंने कहा कि ÷आज नहीं तो कल, सच सामने आएगा क्योंकि सच्चाई को ज्यादा समय तक छिपाया नहीं जा सकता।÷

इधर, जयपुर में पीसीसी कार्यालय पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह




डोटासरा ने भी तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा–

धनखड़ के इस्तीफे को लेकर बीजेपी पूरी तरह चुप है। ना कोई नेता उनका हाल जानने गया और ना कोई आधिकारिक बयान सामने आया। क्या उन्हें इस्तीफा देने को मजबूर किया गया?

डोटासरा ने आरोप लगाया कि बीजेपी का मॉडल हर संवैधानिक संस्था में अपने पपेट बैठाने का है। ÷जब वो व्यक्ति संविधान के अनुसार कार्य करता है, तो उसे बदला जाता है। यही राजस्थान में हुआ, यही दिल्ली में हो रहा है।

उन्होंने कहा कि ÷धनखड़ राजस्थान के बेटे हैं। उनका इस्तीफा लेना पूरे प्रदेश का अपमान है। यह लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। आने वाले समय में इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

## सिंगोली श्याम मंदिर में हरियाली अमावस्या पर भक्तों का सैलाब





**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)**। सिंगोली श्याम धार्मिक स्थल पर हरियाली अमावस्या का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। चारभुजा नाथ का दुग्धाभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। वेद मंत्रों के साथ अभिषेक में देवरिया, भीलवाड़ा, सुठेपा सहित कई स्थानों के श्रद्धालु शामिल हुए। पदयात्रियों के जत्थे जयकारों के साथ मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का दौर दिनभर चलता रहा। ठंडे पेयजल व विशेष दर्शन व्यवस्था की गई। इस अवसर पर श्रद्धालु सत्यनारायण ईनाणी ने मनोकामना पूर्ण होने पर 128 ग्राम रजत निर्मित मोचड़ियां चारभुजा नाथ को अर्पित की ।

## फोकस की गूंज; 50 करोड़ की लागत से बन रहे घटिया बाईपास का कांग्रेस ने किया विरोध, भ्रष्टाचार की जांच की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

50 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे बाईपास की खराब गुणवत्ता को लेकर कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। भीलवाड़ा फोकस द्वारा 19 जुलाई को प्रकाशित खबर में बाईपास की बदहाल स्थिति और निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार को उजागर किया गया था, जिसके बाद कांग्रेस ने इस मामले को लेकर सड़कों पर उतरते हुए राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर और नगर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सेन ने किया। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ÷भ्रष्टाचार मुक्त शाहपुरा÷ के नारे लगाते हुए राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें रखी गईं। बाईपास निर्माण में हुई अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच हो, दोषी ठेकेदार और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, अधूरा कार्य शीघ्र पूर्ण कर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शाहपुरा-देवली मार्ग पर बन रहा यह 10 किलोमीटर लंबा बाईपास शुरू होते ही क्षतिग्रस्त हो गया है, जबकि इसकी गारंटी अवधि पांच वर्ष की है। रिपोर्ट के अनुसार, यह निर्माण कार्य 12 अक्टूबर 2023 को शुरू हुआ था और इसे 11 अक्टूबर 2025 तक पूरा किया जाना था, लेकिन ठेकेदार ने जल्दबाजी में निर्माण कार्य अधूरा ही पूरा कर सड़क को चालू कर दिया। बगैर उद्घाटन के ही इस सड़क से वाहन गुजरने लगे और पहली ही बारिश में डामर उखड़ने लगी खड्डे पड़ गये है।

नरेंद्र रैगर ने कहा, यह केवल टूटी सड़क नहीं, बल्कि जनता के टूटे हुए विश्वास का प्रतीक है। कांग्रेस जनता की आवाज बनेगी और उन्हें न्याय दिलवाएगी।




फोकस एक्सक्लूसिव : गड्ढों में गड़ी सच्चाई

शाहपुरा में 50 करोड़ की लागत से बने बाईपास की पहली बारिश में खुली पोल

गड्ढों में तब्दील सड़क, घटिया निर्माण व भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा विभाग

जलनिकासी की कमी से किसानों की फसलें भी तबाह

समय से पहले चालू, बिना उद्घाटन की सड़क हुई जर्जर

बिलो रेट पर ठेका, पहले से जताई गई थी आशंका

स्थानीयों की मांग- उच्च स्तरीय जांच हो, FIR दर्ज हो

आरएसआरडीसी ने कहा "मानकों का रखा ध्यान, बारिश के बाद सुधार करेंगे"

लेकिन सवाल अब भी बाकी है...

रमेश सेन ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार की निष्क्रियता और भ्रष्टाचार ने शाहपुरा की विकास योजनाओं को बर्बाद कर दिया है। अब जनता चुप नहीं बैठेगी।÷ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही होती, तो यह सड़क इतनी जल्दी नहीं टूटती। इससे स्पष्ट है कि कार्य में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, और सरकारी तंत्र ने आंखें मूंद ली हैं।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत, नेता प्रतिपक्ष रचना सुनील मिश्रा, प्रदेश सचिव अतुल त्रिपाठी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा, युवा नेता मिंकू पोंडरिक, दीपेंद्र सिंह, रामसिंह मीणा, हनुमान कुमावत, अमन पोंडरिक, जयंत जीनगर, कैलाश फमड़ा, शिवराज आचार्य, यूनुस खान, कुलदीप गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जब सड़क की गारंटी अवधि भी शुरू नहीं हुई है और यह पहले ही उखड़ गई है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह सिर्फ मौसम का असर है या फिर लापरवाही और भ्रष्टाचार का परिणाम? कांग्रेस की यह पहल स्थानीय जनता के गुस्से की आवाज बन रही है और आने वाले समय में यह मुद्दा और गरमा सकता है।

# बिठलपुरा स्कूल से काटे गए बरसों पुराने वटवृक्ष, ग्रामीणों में रोष

## छाया देने वाले वृक्षों की बड़ी टहनियां कटवाने का विरोध, ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप



**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

उपखंड क्षेत्र के बिठलपुरा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बरसों पुराने वटवृक्षों की बड़ी टहनियों की कटाई को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों की मेहनत से तैयार हुए ये वटवृक्ष न केवल विद्यालय परिसर को सौंदर्य प्रदान करते थे, बल्कि विद्यार्थियों और ग्रामीणों को छाया भी देते थे। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति ने केवल हल्की व नीचे लटकती टहनियों की कटाई के निर्देश दिए थे, लेकिन ठेकेदार ने मनमर्जी से बड़ी टहनियों को भी काट डाला। जब ठेकेदार कटाई के बाद बड़ी मात्रा में लकड़ियां ट्रैक्टर में भरकर ले जाने लगा, तो ग्रामीणों ने विरोध करते हुए ट्रैक्टर को रुकवाया और लकड़ियों को परिसर में ही खाली करवा दिया।

गांव के शंकरलाल जाट, राधेश्याम जाट सहित अन्य ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना है -

विद्यालय परिसर में कुछ हल्की टहनियां थीं, जो छात्रों को परेशानी दे रही थीं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने उन्हीं के हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन ठेकेदार ने बड़ी टहनियां भी काट दीं, जो समिति के निर्देश के विपरीत था।

**अनिता वैष्णव, संस्थाप्रधान, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बिठलपुरा**

वृक्षों को वर्षों की मेहनत से तैयार किया गया था, जिससे विद्यालय में पर्याप्त छाया मिलती थी। उसे इस तरह काटना लापरवाही है। जिम्मेदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

**शंकरलाल जाट, ग्रामीण, बिठलपुरा**

सिर्फ नीचे की ओर झुकी हुई हल्की टहनियों को हटवाने का प्रस्ताव लिया गया था, ताकि परिसर सुरक्षित रहे। बड़ी टहनियां काटना तय नहीं था।

**सांवरलाल जाट, अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति**

# विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण, ली सुरक्षा की शपथ

## "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत लगाए फलदार-छायादार पौधे



**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जापरपुरा में राज्य सरकार की एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत छात्रों व स्टाफ ने आम, नीम, आंवला, पीपल, सागौन व अशोक जैसे पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर छात्रों ने पौधों की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने की शपथ भी ली। विद्यालय की प्राचार्य शीला खटीक ने पेड़ों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक पौधारोपण की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षिका अनिता जीनगर, सीमा मीणा, समाजसेवी रामकन्या तेली व विद्यालय प्रबंधन समिति की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# बाणमाता शक्तिपीठ के विकास के लिए सौंपा पांच सूत्रीय मांग पत्र

## विधायक गोपाल शर्मा ने दिए प्राथमिकता से कार्य कराने के आश्वासन

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

(रमेश चंद्र डाड)। बाणमाता शक्तिपीठ गोवटा बांध पर विकास कार्यों को लेकर संस्थान पदाधिकारियों और भक्तों ने विधायक गोपाल शर्मा को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में शक्तिपीठ की धार्मिक महत्ता का उल्लेख करते हुए विभिन्न आवश्यक विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की गई। अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में फलासिया से मंदिर तक 7.5 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण, नहर मोड़ से मंदिर तक 1 किमी बायपास, मेनाली नदी के किनारे स्नान घाट व महिला चेंजिंग रूम, रोगियों व आयोजनों के लिए डोम निर्माण तथा खंगार जी का खेड़ा तक 3 किमी सड़क निर्माण की मांग की गई है। विधायक शर्मा ने सभी मांगों पर सहमति जताते हुए प्राथमिकता से कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मनोज सनाढ्य, रामप्रसाद जाट, गणेश जाट, लादूलाल कुमावत, कन्हैयालाल धाकड़ सहित कई पदाधिकारी व श्रद्धालु मौजूद रहे।



# बाण माता शक्तिपीठ पर दानपात्र खोला, 6.33 लाख की राशि प्राप्त



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)।** गोवटा बांध स्थित प्रसिद्ध बाण माता शक्तिपीठ पर हरियाली अमावस्या के अवसर पर शक्तिपीठ विकास संस्थान की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुई, जिसमें शक्तिपीठ परिसर में चल रहे नवनिर्माण कार्यों व विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की गई।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थापित दानपात्र भी खोला गया, जिसमें 6, लाख 33 हज़ार 46 रुपए की राशि निकली। बैठक में कन्हैयालाल धाकड़, अमित कुमार शर्मा, प्रदीप पोरवाल, देबीलाल धाकड़, मोहनलाल धाकड़, उम्मेद सिंह, अशोक कुमार, बालू सिंह देवड़ा, बालू लाल धाकड़, धनराज कुमावत, छीतरलाल सुथार, हीरालाल धाकड़, शंभू सिंह, लादू लाल कुमावत, कालू सिंह और प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट पत्रकारों का सम्मान, पत्रकारिता को बताया समाज का दर्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजसमंद जनसंपर्क कार्यालय सभागार में हिंदुस्तान समाचार और परिवार समाचार के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले भीलवाड़ा जिले के बृजेश शर्मा, महेंद्र नागौरी और भेरूलाल माली सहित कई पत्रकारों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने की।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और आज के दौर में सत्य बोलने की कीमत चुकानी पड़ती है, फिर भी पत्रकारों को निडरता से काम करना चाहिए।


वरिष्ठ पत्रकार विष्णु शर्मा की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सत्यनिष्ठ और निर्भीक पत्रकारिता को प्रोत्साहित करना रहा। समापन पर सम्मानित पत्रकारों को शुभकामनाएं दी गईं।



# हरियाली अमावस्या पर जोगणिया माता मंदिर में उमड़ी आस्था

**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू**

हरियाली अमावस्या पर प्रसिद्ध जोगणिया माता शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं और करीब एक लाख भक्तों ने मां के दर्शन किए। मंदिर प्रबंधन अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि सुगम दर्शन के लिए तीन पंक्तियों में बेरीकेडिंग की गई थी। सुरक्षा के लिए बेंगू पुलिस व निजी गार्ड तैनात रहे। श्रद्धालुओं ने माता को चुनरी अर्पित कर मन्नतें मांगीं। मंदिर के आसपास के बाजारों में दिनभर रौनक रही। व्यवस्थाओं में उपाध्यक्ष रमेश गुर्जर, प्रेमचंद धाकड़, लक्ष्मण धाकड़ सहित कई सेवक सक्रिय रहे।



भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ!
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com



## QUICK BITES

# महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता इकाई द्वारा कालिंजरी गेट पास क्षेत्र में महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक विकास अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट बनने से सेप्टिक टैंकों से निकलने वाला मलजल खुले में नहीं जाएगा, बल्कि ट्रीट होकर खाद के रूप में उपयोग होगा। इससे बीमारियों में कमी आएगी और वातावरण स्वच्छ रहेगा। उन्होंने बताया कि सेप्टिक टैंक को हर 5 साल में नगरपालिका द्वारा निर्धारित शुल्क पर खाली करवाना जरूरी है। महिलाओं को टोल फ्री नंबर की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किशन लोट व बालमुकुंद उपस्थित रहे।

# कलिंजरी गेट स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



हरियालो राजस्थान अभियान के तहत हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कलिंजरी गेट शाहपुरा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर संस्था प्रधान जयदीप सिंह बडगुर्जर, अध्यापिका ज्योति मूंदड़ा, अध्यापक मुमताज मोहम्मद, पूर्णिमा पानेरी एवं समस्त छात्र-छात्राओं ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे।

# भीलवाड़ा में 79 हजार से ज्यादा अपात्रों ने छोड़ा एनएफएसए लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

गिवअप अभियान के तहत जिले में अब तक 79,649 अपात्र लाभार्थियों ने स्वयं एनएफएसए योजना का लाभ छोड़ दिया है। इससे सरकार को हर माह 1.07 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी की बचत होगी।जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जिन परिवारों में आयकरदाता, सरकारी कर्मचारी, एक लाख से अधिक वार्षिक आय या चार पहिया वाहन है, वे अपात्र श्रेणी में आते हैं।

अपील की गई है कि ऐसे परिवार 31 अगस्त 2025 तक स्वयं योजना से बाहर हो जाएं, अन्यथा नियमानुसार वसूली और कार्रवाई की जाएगी। पूरे प्रदेश में अब तक 24.06 लाख लोग लाभ छोड़ चुके हैं।

# बच्चों के लिए आयुर्वेदिक सुवर्णप्राशन शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



राजकीय आयुर्वेद औषधालय बापूनगर में पुष्य नक्षत्र पर आयुर्वेदिक सुवर्णप्राशन संस्कार का आयोजन हुआ, जिसमें 1 माह से 16 वर्ष तक के 168 बच्चों को निःशुल्क दवा पिलाई गई। इस दौरान 102 लोगों की बीपी-शुगर जांच और 120 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. उगन्ता मीणा ने बताया कि यह संस्कार बच्चों की बौद्धिक, शारीरिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। यह सेवा हर माह पुष्य नक्षत्र पर जारी रहेगी। अगला शिविर 27 जुलाई को आयोजित होगा, जिसमें बच्चों को दवा पिलाने के साथ थायराइड, गठिया, बाल रोग, त्वचा रोग आदि पर निःशुल्क परामर्श और बीपी-शुगर जांच की सुविधा भी दी जाएगी।

# हरियाली अमावस्या पर त्रिवेणी संगम पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर चढ़ाया बिल्वपत्र, महाआरती के साथ हुआ भोग वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

(रमेश चंद्र डाड)। हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर आकोला स्थित त्रिवेणी तीर्थ धाम पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। त्रिवेणी संगम में शिवभक्तों ने पवित्र स्नान कर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। शिव मंदिर परिसर बोल बम और हर-हर



महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर कालसर्प रुद्राभिषेक पाठ का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व पंडित राजकुमार, सोनू आचार्य (देवली), ओमप्रकाश व्यास, दुर्गाशंकर भट्ट, पंकज भट्ट, शिवप्रकाश भट्ट और जयप्रकाश भट्ट द्वारा किया गया

# सरकारी नर्सरियों में बड़े पौधे उपलब्ध कराने की मांग

## पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने मुख्यमंत्री और वन मंत्री को लिखा पत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रदेश में हरियाली के प्रति बढ़ती जागरूकता के बावजूद सरकारी नर्सरियों में 3 से 10 फीट ऊंचाई तक के बड़े पौधों की अनुपलब्धता को लेकर पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वन मंत्री संजय शर्मा और वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार को पत्र लिखकर चिंता जताई है। जाजू ने मांग की कि वन विभाग की नर्सरियों को आधुनिक बनाया जाए और समय पर थैलियां, खाद और बीज जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाए, ताकि समय रहते बड़े और विकसित पौधे तैयार किए जा सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि पौधों की गुणवत्ता और जीवित रहने की दर बढ़ाने के लिए दो वर्ष पूर्व ही आवश्यक संसाधन मुहैया कराए जाएं।

उन्होंने यह भी आग्रह किया कि नर्सरियों में दो फीट से छोटे पौधों की बिक्री पर रोक लगाई जाए, क्योंकि इनकी जीवित रहने की संभावना बहुत कम होती है। जाजू ने प्रदेश की जीर्ण-शीर्ण नर्सरियों के उन्नयन के लिए विशेष बजट आवंटन की मांग करते हुए कहा कि यदि संसाधनों का सही प्रबंधन हो तो प्रदेश में हरियाली का सपना साकार किया जा सकता है।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षक की गंदी करतूतें जारी, सिर्फ तबादलों तक सिमटी कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**डॉ. चेतन ठठेरा**



बनेड़ा ब्लॉक के सरदारनगर गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक पिंटू खारोल पर छात्राओं से अशोभनीय हरकतें करने का आरोप सामने आया है। गरिमा पेटी में शिकायत मिलने के बाद शिक्षा विभाग ने आरोपी को स्कूल से हटा कर हुरड़ा स्कूल में स्थानांतरित कर दिया है।

छात्राओं ने आरोप लगाया कि शिक्षक उन्हें घूरता, वीडियो बनाता और गंदी बातें करता था। छात्राओं ने अपनी पीड़ा गरिमा पेटी के माध्यम से साझा की। मामले की सूचना मिलते ही प्रिंसिपल ने सरपंच, ग्रामीणों व विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया।

### पहले भी दो बार लग चुके हैं गंभीर आरोप

सूत्रों के अनुसार, पिंटू खारोल पूर्व में लापिया स्कूल में पदस्थ था, जहां इंटर्नशिप कर रही एक छात्रा के साथ भी ऐसी ही हरकतें सामने आई थीं। वहां से उसे हटाकर पहले बालिका विद्यालय सरदारनगर, फिर वहां से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदारनगर में लगाया गया। हर स्थान पर उसकी हरकतें दोहराई जाती रहीं, लेकिन विभाग ने अब तक कोई सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की।

### अब तक केवल तबादले ही बन रहे समाधान

ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग बार-बार शिकायतों के बावजूद आरोपी शिक्षक को बस एक स्कूल से दूसरे स्कूल भेजकर मामले को शांत करने का प्रयास करता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कब तक शिक्षा विभाग ऐसे आदतन दोषी को ढील देता रहेगा?

### इनका कहना है

सरदारनगर के अध्यापक के मामले की जांच कराई जाएगी। आरोपी शिक्षक के पूर्व रिकॉर्ड भी खंगाले जाएंगे। यदि दोषी पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विभाग के उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

**— अरुणा गारू,**
**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,**
**भीलवाड़ा**

# नाकाबंदी में बड़ी कामयाबी: 1298 पव्वे देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

अवैध शराब निर्माण व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1298 पव्वे देशी शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त मेजर जीप भी जब्त की है।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया की पुलिस टीम ने 23 जुलाई को गश्त के दौरान सूचना के आधार पर भोपतपुरा गांव की तरफ़ से आ रही एक जीप को नारायणपुरा गांव में नाकाबंदी कर रोका । तलाशी में जीप से 1298 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने लादूराम गुर्जर पिता प्रभुलाल गुर्जर (उम्र 45), निवासी गरडडा , थाना नमाना, जिला बूंदी एवं बजरंग लाल मीणा पिता उंकार लाल (उम्र 71), निवासी बालकुण्ड , कोटा शहर को हिरासत में लिया है । आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।




# चारभुजानाथ व चिंताहरण महादेव मंदिरों में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नगर निगम द्वारा श्रावण मास में चल रहे 70 मंदिरों में सहस्त्रधारा अभिषेक श्रृंखला के तहत गुरुवार को वार्ड 55 व 64 में आयोजन हुआ। वार्ड 64 के चारभुजानाथ मंदिर में पुजारी मस्तराम और पार्षद जगदीश गुर्जर ने अभिषेक के साथ भगवान को भोलेनाथ की पोशाक पहनाकर श्रृंगार किया। वहीं, वार्ड 55 स्थित चिंता हरण महादेव मंदिर में समिति अध्यक्ष डी.के. दाधीच की मौजूदगी में अभिषेक सम्पन्न हुआ। इस दौरान महापौर राकेश पाठक सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। शुक्रवार को सुबह 8 बजे वार्ड 6 के कालका चौराहा हनुमान मंदिर और 11 बजे वार्ड 19 के मुंदरी वाले बालाजी मंदिर में अभिषेक होगा।



# तिलस्वा महादेव धाम में उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की आस्था, हरियाली अमावस्या पर लगा भक्ति का मेला

**भीलवाड़ा फोकस @ तिलस्वा**



तिलस्वा: हरियाली अमावस्या पर मंदिर पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़

हरियाली अमावस्या के मौके पर गुरुवार को चमत्कारिक तिलस्वा महादेव धाम में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। अलसुबह से ही शिवभक्तों की टोलियां मंदिर की ओर बढ़ने लगीं और दोपहर तक यह संख्या लाखों में पहुंच गई। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति की अनूठी ऊर्जा नजर आई।

श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में स्नान करने के बाद महादेव के दर्शन किए और बेलपत्र, पुष्प, श्रीफल अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं प्रकट कीं।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कांस्या चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल की अगुवाई में पुलिस टीम मौके पर तैनात रही। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित कतारों में मंदिर तक पहुंचाया गया, जिससे अव्यवस्था नहीं हो पाई। मंदिर मार्ग पर लगभग 10 किलोमीटर तक पैदल यात्रियों की मौजूदगी रही और कई स्थानों पर जाम भी लगा, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया।

गौरतलब है की तिलस्वा महादेव धाम पर क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था है। मान्यता है कि यह तीर्थस्थल चर्म रोगों और मनोकामनाओं के निवारण का केंद्र है। हर वर्ष यहां लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं और अमावस्या जैसे पर्वों पर यह स्थल भक्ति की एक विशाल सभा में बदल जाता है।

# सट्टे में फंसाकर वसूले 6.5 करोड़, अब जान से मारने की धमकियां

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रतापनगर थाना क्षेत्र में कपड़ा व्यापारी से करोड़ों की अवैध वसूली और जान से मारने की धमकियों का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी के अनुसार सटोरियों और सूदखोरों ने उसे जुए के जाल में फंसाकर अब तक करीब 6.5 करोड़ रुपये ऐंठ लिए हैं। व्यापारी आकाश अग्रवाल निवासी महावीर कॉलोनी , जो 'गोयल सिंथेटिक्स' नाम से कपड़े का कारोबार करता है, ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में अनिल खटीक, मुकेश जागेटिया, दीपक छतवानी, रतन तेली और शेरु शर्मा को नामजद किया गया है। आरोपियों ने पहले उसे सट्टा खेलने के लिए उकसाया, और लाखों गंवाने के बाद ब्याज और पेनल्टी के नाम पर करोड़ों की वसूली शुरू कर दी। व्यापारी ने बताया कि उसने अब तक अलग-अलग खातों में कुल 6.5 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं। पीड़ित का आरोप है कि अब भी उससे करोड़ों की मांग की जा रही है, और इनकार करने पर उसे टांगे काटने जैसी धमकियां दी जा रही हैं। परिवार डर के साए में है और शहर छोड़ने को मजबूर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# हरियाली अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सेलाब , कोटड़ी में भक्तों ने लंबी कतारें लगा कर घण्टों इन्तजार के बाद किए दर्शन

## एक महिने में 45 लाख रूपये व सोना-चान्दी के आभूषण किए चरणों में भेंट
## जयकारों से गूंजा मन्दिर परिसर, बाजार में रही जबरदस्त भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

( राजेन्द्र बबलू पोखरना)





मुख्यालय पर मेंवाड़ का एतिहासिक तीर्थ स्थल भगवान श्रीचारभुजानाथ के दरबार में हरियाली अमावस्या पर आस्था का सेलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगना शुरू हो गया तथा दोपहर में भक्त लंबी दूरी पदयात्रा कर प्रभू के चरणों में मत्था टेक अपने को धन्य महसूस किया। सुबह भगवान का मन्त्रोच्चारण के साथ दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान को स्वर्णाभूषणों से जड़ित पोषाक धारण करा महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने लम्बी कतार में घण्टों तक खड़े हो कर भगवान के दर्शन किए। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति के चलते कस्बे के चोकी के मन्दिर तक लाईन में लगना पड़ा। कस्बेवासियों का कहना है कि इतनी लंबी लाईन पहलीबार ही लगी है। जबरदस्त भीड़ के कारण बाजारों में पैदल निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही आम रास्तों पर जाम के हालात बने रहे। जलझूलनी एकादशी मैले से पहले ही मैले का नजारा देखने को मिला। मन्दिर परिसर में ही भजन कलाकारों द्वारा चारभुजानाथ, भोलेनाथ सहित अनेक देवी-देवताओं पर आधारित भजनों की प्रस्तूति पर श्रद्धालू नाचते रहे। वहीं मन्दिर परिसर में रखे दानपात्रों को श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अलावा भक्तों की मौजूदगी में प्रतिमाह खोले जाने वाले भेंटपात्रों को खोले गए। पेंशनर समाज के सदस्यों द्वारा नोटों की गिनती की गई जिसमें 45 लाख 58 हजार 582 रूपये नगद मिले। साथ ही 2 ग्राम सोना व 681 ग्राम चान्दी के आभूषण भी दर्ज किए गए। बाजार में भी जबरदस्त भीड़ नजर आई। वहीं शाम को संध्या आरती में मन्दिर परिसर में भीड़ के चलते श्रद्धालुओं का बाहर खड़े हो कर आरती करनी पड़ी। श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के कर्मचारी व श्रद्धालुओं ने भक्तों के दर्शन व व्यवस्थाओं में सहयोग किया। हरियाली अमावस्या के अवसर पर श्रीचारभुजानाथ के तीन तरफ शिवजी के मन्दिर होने तथा नीलेश्वर महादेव मन्दिर में 12 ज्योतिर्लिंग होने के कारण जिले सहित आसपास के जिले के श्रद्धालुओं ने श्रावण मास को लेकर शिव प्रतिमा को जल, बिल्वपत्र के साथ ही पुष्प व प्रसाद चढ़ाए। शिव मन्दिरों पर भी जबरदस्त भीड़ रही। श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुन्दर चेचाणी, कोषाध्यक्ष जमना लाल सुथार के अलावा पुलिस प्रशासन तथा स्थानीय भक्त दिनभर मन्दिर में पंहुचने वाले श्रद्धालुओं को समुचित सुविधा मुहैया कराने में जुटे नजर आए।

# गोलछा फाउंडेशन द्वारा 5000 पौधों का वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



( दिनेश पारीक ) : गोलछा फाउंडेशन द्वारा कोटड़ी खनन क्षेत्र में 5000 छायादार, फलदार और फूलदार पौधों का सघन वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में एडीएम खनन महेश माथुर ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। वहीं, ग्रुप के सीईओ विघ्नेश्वर स्वाइन ने कहा कि हरियाली जितनी अधिक होगी, वातावरण उतना ही स्वच्छ होगा। लाइजनिंग हेड राजीव कपूर ने कहा कि कोरोना काल ने ऑक्सीजन की अहमियत बता दी, इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर हेमेंद्र जैन, असकरण अग्रवाल, संजय मेहता, काछोला थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### हरियाली अमावस्या पर हड़ुतिया बालाजी को 51 किलो खीर का भोग

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**



नेशनल हाईवे 758 स्थित शिव नगर में हरियाली अमावस्या के अवसर पर हड़ुतिया बालाजी मंदिर में विशेष भक्ति आयोजन हुआ। सत्य नारायण वैष्णव द्वारा 51 किलो दूध से खीर बनाकर बालाजी महाराज को महाआरती के साथ भोग अर्पित किया गया। यह आयोजन शाम 5 बजे महाआरती से शुरू हुआ, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पुजारी विनोद कुमार वैष्णव ने बताया कि मंदिर में ग्रामीणों द्वारा समय-समय पर धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। दिनभर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर ओमप्रकाश वैष्णव, उदयलाल, राहुल वैष्णव, विनोद कुमार सोनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भोपतपुरा हाई स्कूल में पौधारोपण, छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**



**मानव तिवाड़ी ।** हरियालो राजस्थान अभियान के तहत भोपतपुरा हाई स्कूल में गुरुवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने खेल मैदान में निर्धारित लक्ष्य अनुसार पौधे लगाए। प्रधानाचार्य देवी शंकर वर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपाचार्य नवल कुमार, डॉ. सत्यप्रकाश सैन, सुरेश कुमार मीणा, शिवदान मीणा, मधुसूदन जोशी, अल्ताफ हुसैन, कोमल चित्तौड़ा, पारूल शर्मा कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### निंबार्क आश्रम में सहस्त्राभिषेक, भक्तों ने पाया आध्यात्मिक अनुभव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



गांधी नगर स्थित निंबार्क आश्रम में महंत मोहन शरण शास्त्री के सान्निध्य में हरिद्वार से लाए गंगाजल से नर्वदेश्वर महादेव और पार्थिव शिवलिंगों का भव्य सहस्त्राभिषेक किया गया। निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट एवं निंबार्क सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार, छप्पन भोग अर्पण और महाआरती हुई, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया।

महंत मोहन शरण शास्त्री ने कहा कि गंगाजल से अभिषेक करने से मन और आत्मा को शांति मिलती है और पापों का नाश होता है। उन्होंने इसे धर्म, भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम बताया।

### माहेश्वरी महिला संगठन ने सब्जियों से किया शिव श्रृंगार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



काशीपुरी वकील कॉलोनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर में माहेश्वरी महिला संगठन ने हरियाली अमावस्या पर भगवान शिव का अभिषेक किया और सब्जियों से आकर्षक श्रृंगार किया। अध्यक्ष शीला जागेटिया और सचिव चंद्रकांता बाहेती के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और महा आरती हुई। मंदिर परिसर हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। अभिषेक में दिव्या सोनी, पुष्पा इनाणी, मनोरमा कोठारी, संध्या नुवाल सहित कई सदस्याओं ने भाग लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890